# वन उत्पादकता संस्थान रांची द्वारा राम कृष्ण मिशन गेतलसूद के प्रक्षेत्र में वन महोत्सव कार्यक्रम दिनांक 06.07.2020

वन उत्पादकता संस्थान रांची के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी एवं संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) के निर्देशन में राम कृष्ण मिशन गतेलसूद में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं वन उत्पादकता संस्थान के सामूहिक तत्वाधान दिनांक 06.07.2020 को वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया| COVID- 19 के वैश्विक महामारी के कारण जारी दिशानिर्देश अनुपालन संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान)डा.योगेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में पौध रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ| इस अवसर पर राम कृष्ण मिशन, कृषि विज्ञान केंद्र (KVK), मोरवादी के वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार एवं डा. सतोष कुमार ने वन महोत्सव तथा पर्यावरण को सुरक्षित किस प्रकार रखा जाय इस पर अपने-अपने विचार से अवगत कराया| इस अवसर पर संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) ने वन महोत्सव तथा पर्यावर्णीय समस्या का वैज्ञानिक पहलू प्रस्तुत करते हुये कहा कि इसके लिए मानव जाति ही जिम्मेदार नहीं है| प्राकृतिक दुष्प्रभावों से वचाने के लिए वन वर्धन एवं इसकी सुरक्षा पर भी चर्चा किया| इस अवसर पर संयुक्त रूप से वन उत्पादकता संस्थान, रांची के वैज्ञानिक अधिकारी , कर्मचारी एवं राम कृष्ण मिशन, कृषि विकास केंद्र, मोरवादी के वैज्ञानिको ने पौध रोपण किया|

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के विस्तार प्रभाग के श्री एस. एन. वैद्य, मुख्य तकनीकी अधिकारी, श्री रविशंकर प्रसाद, मुख्य तकनीकी अधिकारी, श्री बी.डी.पंडित, तकनीकी अधिकारी, श्री सूरज कुमार वरिष्ठ तकनीकी सहायक एवं श्री महेश कुमार,वरिष्ठ तकनिशियन ने अपना सराहनीय योगदान दिया|






**वन महोत्सव की झलकियां**








वन महोत्सव की झलकियां










वन महोत्सव की झलकियां